an>

Title: Need to increase the frequency of Airlines to Jorhat and North East regions.

श्री कामाख्या प्रसाद तासा (जोरहाट) : माननीय अध्यक्ष जी, मैं नॉर्थ ईस्ट से हूं। एयर कनैक्टिविटी की बात बोल रहा हूं। मैक्सिम समय यहां पर नॉर्थ ईस्ट की बात उठती है लेकिन हम लोगों को बोलने का मौका भी नहीं मिलता है।

माननीय अध्यक्ष : ऐसा नहीं है। बराबर मौका दिया जाता है।

श्री कामाख्या प्रसाद तासा : मैडम, जो निर्वाचन क्षेत्र जोरहाट है, यहां पर एयर कनैक्टिविटी खराब है। गुवाहाटी हम लोग सुबह नहीं पहुंच पाते। 11 बजे से हम लोगों की कोई फ्लाइट नहीं है। वहां पर वापसी में समस्या है और जोरहाट में दो यूनिवर्सिटी हैं। एयर इंडिया ने पूरा विदड्रा कर दिया, हम लोगों ने बहुत रिक्वैस्ट की लेकिन फिर भी सर्विसेज रैस्टोर नहीं की गई और किराया भी बहुत ज्यादा है। इसलिए मैं आपके माध्यम से निवेदन करना चाहता हूं कि इस चीज को वह थोड़ा देखें।